# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 19.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **दावोस वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक आज से होगी शुरू, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड का प्रतिनिधिमंडल उद्योग जगत के प्रमुखों को निवेश के लिए करेगा आमंत्रित।**

2. **झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरों को लेकर न्यायिक प्रणाली, जांच एजेन्सियों और लोगों को सजग रहने पर दिया जोर।**

3. **विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने जामताड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया शिलान्यास, कहा– गरीबों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।**

4. **राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों के न्यूनतम तापमान में आई कमी, रांची में केजी से कक्षा छह तक की कक्षाएं 24 जनवरी तक सुबह नौ बजे के बाद संचालित करने का निर्देश।**
5. **दुमका में जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर–16 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, उद्घाटन मैच में बोकारो ने दुमका को 86 रनों से हराया।**

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड का प्रतिनिधिमंडल दावोस वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दौरान वैश्विक उद्योग जगत के प्रमुखों से आज मुलाकात कर राज्य में निवेश के लिए आमंत्रण देगा। मुख्यमंत्री टाटा स्टील, हिताची, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, इंफोसिस सहित कई वैश्विक कंपनियों और संस्थानों के प्रमुखों से टिकाऊ उद्योग, हरित ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल तकनीक में निवेश को लेकर चर्चा करेंगे। झारखण्ड "प्रकृति के साथ संतुलन में विकास" के दृष्टिकोण के साथ खुद को जिम्मेदार, स्थिर और भविष्य के लिए तैयार राज्य के रूप में वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। कल झारखण्ड पवेलियन का उद्घाटन होगा, जहां राज्य की निवेश संभावनाओं, नीतिगत सुधारों और दीर्घकालिक विकास योजना को प्रदर्शित किया जाएगा।

******************

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम एस सोनक ने कहा कि डिजीटल तकनीक ने हमारे काम करने के तरीके के साथ अपराध का स्वरूप भी बदल दिया है। मुख्य न्यायाधीश रांची के ज्यूडिसियल एकेडमी में आयोजित राज्यस्तरीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध के बढ़ते खतरों को देखते हुए न्यायिक प्रणाली, जांच एजेन्सियों और समाज को अधिक सजग रहने की आवश्यकता है।

******************

न्यायालयों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से चलाए जा रहे मध्यस्थता अभियान के तहत सिमडेगा में रैली निकाली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से निकली गई जागरूकता रैली का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने किया। न्यायधीश ने कहा कि विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता अभियान प्रभावी माध्यम है।

******************

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने जामताड़ा जिले के अंबा गांव में एक करोड़ 41 लाख की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गरीबों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

******************

सरकार ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के संबंध में किए जा रहे भ्रामक दावों का खंडन किया है। विपक्ष द्वारा अधिनियम की आलोचना को तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताते हुए सरकार ने कहा कि यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करता है।

******************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज नामांकन भरे जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और सांसद के. लक्ष्मण द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच दाखिल किए जा सकते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी।

*******************

रांची पुलिस के अनुरोध पर सीएमपीडीआई के सीएसआर मद से कांके थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक–चौराहों, संवेदनशील स्थानों और शहर से बाहर जाने वाले मुख्य मार्गों पर 15 उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने सीएमपीडीआई के अधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में कैमरों का उद्घाटन कर उनका प्रचालन प्रारंभ कराया। इन सीसीटीवी कैमरों से अनुसंधान, अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं आमजन की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

*******************

देवघर के बाबा बैद्यनाथधाम और काशी विश्वनाथधाम को जोड़ने के लिए पहली अमृत भारत ट्रेन शुरू हो गई है। इस सियालदह–वाराणसी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का जसीडीह स्टेशन पर स्वागत किया गया। आसनसोल रेल मंडल के डीआरएम सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से यात्रियों को लाभ मिलेगा।

*******************

देवघर जिले के मधुपुर में एक धार्मिक स्थल के जीर्णोद्धार को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में समाज की एकता, भाईचारा और सौहार्द से खिलवाड़ स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अमन–चौन और विश्वास का माहौल बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

*******************

बोकारो पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाकर 50 से अधिक वाहनों को जब्त किया है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि चेकिंग के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव तथा ट्रैफिक रूल्स वायलेशन की भी जांच की गई।

*******************

नागपुरी के जाने–माने महाकवि घासीराम महली की रांची में 167वीं जयंती मनाई गई। महली विकास मंच के अध्यक्ष हरि नारायण राम महली ने कहा कि समाज का प्रयास है कि महाकवि घासीराम महली को राजकीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सके।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों के न्यूनतम तापमान में कमी आई है। पिछले 24 घंटे के दौरान रांची का न्यूनतम तापमान लगभग छह डिग्री सेल्सियस रहा जबकि गुमला का पारा तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के लगभग सभी जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस रहा।

ठंड और शीतलहर की चेतावनी के मद्देनजर रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने रांची जिले के सभी निजी और केंद्रीय विद्यालयों में केजी से कक्षा छह तक की कक्षाएं आज से 24 जनवरी तक सुबह 9 बजे के बाद संचालित करने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालय प्रबंधन को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

*******************

दुमका में जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर–16 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबले में बोकारो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुमका को 86 रनों से हराया। बोकारो के अविनाश कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची में बच्चा चोरी गिरोह के खुलासे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान लिखता है**– चोरी किए गए 12 बच्चे बरामद 13 गिरफ्तार।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– अंश अंशिका के बाद 12 और बच्चे बरामद, अपराधियों के गैंग को बेच देते थे।

**दैनिक भास्कर के भाब्द हैं**– बच्चा चुराकर भीख मंगवाता था गुलगुलिया गिरोह।

**दैनिक जागरण ने** असम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******समाप्त************